बड़हरा की बेटियों का स्वर्णिम पंच, अंजू बनी बेस्ट बॉक्सर

आरा (भोजपुर)। प्रदेश स्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में बड़हरा की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन किया।यह प्रतियोगिता खेल भवन पटना में 24/10/2026से दिनांक 26/20/2026 को सम्पन्न हुई।

पटना में स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया स्.ग्.स्न.ढ्ढ द्वारा आयोजित के प्रदेश स्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में बड़हरा भोजपुर के सरकारी स्कूलों के मुक्केबाजों ने जोरदार प्रदर्शन किया। अंडर -17और अंडर -19 में चौदह गोल्ड दो सिल्वर मेडल के साथ दोनों वर्गों में पटना प्रमंडल चैम्पियन बना।अंडर -17बालिका वर्ग में गुड़िया कुमारी 42 किलोग्राम में गोल्ड जीता, खुशबू कुमारी ने 42-44 किलोग्राम में गोल्ड जीता, अंजलि कुमारी 44-46 किलोग्राम में गोल्ड जीता, अंजू कुमारी 46-48 किलोग्राम में गोल्ड जीतकर सभी खिलाड़ियों ने राष्टीय स्तर पर जगह बनाई। अंडर -19 बालिका वर्ग में जिन पाल हाई स्कूल की बंदना कुमारी ने गोल्ड जीता और अंकिता कुमारी ने गोल्ड मेडल जीता। उत्क्रमित



मध्य विद्यालय अलेखिटोला बड़हरा के शारीरिक शिक्षक अनुदेशक रमेश यादव ने कहा कि दियरा क्षेत्र में प्रतिभागियों की कमी नहीं है उन्हें सुविधाओं की जरूरत है। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री मनेष कुमार मीणा, जिला शिक्षा पदाधिकारी मानवेंद्र राय, जिला खेल पदाधिकारी श्री अभय कुमार पूरी , जिला सचिव रविरंजन सिंह, प्रधानाचार्य जयराम शाह, पूर्व प्रधानाचार्य दिनेश नंदन प्रसाद,अजिजुरहमान, मीरा कुमारी, पुनिता कुमारी, मंजू सिंह, हिमांशु श्रीवास्तव, जीतेंद्र कुमार, राजीव रंजन अमरेंद्र कुमार, अमरजीत कुमार, शशि सिंह, दयानिधि राय श्रीमन्नारायण, अनीता यादव आदि ने बधाई दी। अमरेन्द्र कुमार ने अगले स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी।

सऊदी अरब के वैज्ञानिक ने रिमोट सेंसिंग के आधुनिक अनुप्रयोगों पर दिया व्याख्यान

आरा (भोजपुर)। महाराजा कॉलेज, आरा एवं वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर भूगोल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को प्रो. एसके सिन्हा मेमोरियल ऑनलाइन लेक्चर सीरीज के 30वें एपिसोड का आयोजन किया गया। इसमें सऊदी अरब के किंग अब्दुल्ला यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक डॉ. शफीक मतीन ने रिमोट सेंसिंग के आधुनिक अनुप्रयोगों पर व्याख्यान दिया। इसमें विभिन्न संस्थानों के 98 शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया।डॉ. मतीन ने उपग्रह चित्रों, जीआईएस, ड्रोन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से कृषि, वन संरक्षण, आपदा प्रबंधन, नगरीकरण एवं पर्यावरणीय बदलावों के अध्ययन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रिमोट सेंसिंग और जियो-एआई का समन्वय भौगोलिक अनुसंधान को नई दिशा दे रहा है तथा रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध करा रहा है।कार्यक्रम के संयोजक प्रो. संजय कुमार, आयोजन सचिव डॉ. द्वीपिका एस. सिंह और समन्वयक डॉ. फौजिया रहमान ने आधुनिक तकनीकों के व्यावहारिक प्रशिक्षण पर जोर दिया। प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने भी हिस्सा लिया।

एमएमएम में रक्तदाता संवाद सह सम्मान समारोह आयोजित

रक्तदान महादान, इससे बचाई जा सकती है कई लोगों की जिंदगी : उपेंद्र भाई त्यागी

आरा (भोजपुर)। शहर के महंत महिला महाविद्यालय के सभागार में रविवार को जेनजी के तत्वावधान में 'रक्तदाता संवाद सह सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना, युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करना तथा नि:स्वार्थ भाव से रक्तदान कर जरूरतमंदों की जान बचाने वाले रक्तदाताओं को सम्मानित करना था। समारोह में रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे मानवता की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम बताया गया।



कार्यक्रम का उद्घाटन दक्षिण बिहार प्रांत के बौद्धिक प्रमुख एवं मुख्य वक्ता उपेंद्र भाई त्यागी, डॉ. कुमार जितेंद्र, समाजसेवी गुड्डू सिंह बबुआन, अमरेंद्र राजेश, डॉ पीसी के निदेशक डॉ. विकास कुमार, डॉ. राकेश कुमार त्रिपाठी तथा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. नरेंद्र कुमार पालित ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

मुख्य वक्ता उपेंद्र भाई त्यागी ने रक्तदान को महादान बताते हुए युवाओं से इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का ऐसा माध्यम है, जिससे जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता है। दुर्घटना, गंभीर बीमारी, शल्य चिकित्सा तथा अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में रक्त की आवश्यकता होती है। ऐसे समय में रक्तदाताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने युवाओं से रक्तदान के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने तथा इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने की अपील की।

समारोह में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अध्यक्ष (डीएसडब्ल्यू) डॉ. ओमप्रकाश राय, धीरज कुमार पाण्डेय तथा विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय के शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इनमें डॉ. पूर्ति माहौर, डॉ. ट्विंकल केसरी, डॉ मनीषा, डॉ. अंकिता ओझा, डॉ. अंकिता मिश्रा, डॉ. तबस्सुम बानो, डॉ. रीना कुमारी, डॉ. श्वेता सिंह, डॉ. दिव्या दुबे और डॉ. प्रीति शामिल रहीं।

कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को इस पुनीत कार्य से जोड़ने की सफल बनाने में जेनजी के कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। उत्तम सिंह, रौशन पाण्डेय, अमित सिंह राजपूत, प्रकाश बजरंगी, हरिओम सिंह, हिमांशु, दीपक सिंह, गौतम, प्रणव, मनीष, सत्यम तिवारी और धीरज सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन किया।

गांजा एवं नगदी के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

आरा (भोजपुर) गीधा थाना पुलिस द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक के पास से गांजा एवं नगदी के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 40 ग्राम गांजा, 1230 रुपए नगद एवं एक मोबाइल बरामद किया गया। वह बबुरा थाना क्षेत्र के किशुनपुर गांव निवासी जमुना पाठक का पुत्र अक्षयवर पाठक है। इसकी जानकारी एसपी अवधेश दीक्षित ने प्रेस नोट जारी कर दी। उन्होंने बताया कि गीधा थाना पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई की थाना क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक के पास मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन उपरांत पुलिस वहां पहुंची तो अक्षयवर पाठक पुलिस को देख भागने का प्रयास करने लगा। तभी सशस्त्र बल के सहयोग से उसे गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में पुलिस ने गीधा थाना में उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

प्रधानमंत्री राहत योजना पर हुई जिला स्तरीय कार्यशाला

आरा (भोजपुर)। प्रधानमंत्री राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से विद्या भवन सभागार, आरा में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने तथा संबंधित विभागों एवं अस्पतालों के बीच समन्वय सुदृढ़ करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। कार्यशाला में बताया गया कि योजना के प्रावधानों के अनुसार पात्र सड़क दुर्घटना पीड़ितों को दुर्घटना की तिथि से अधिकतम सात दिनों तक, प्रति व्यक्ति अधिकतम 1.50 लाख रुपये तक के कैशलेस उपचार की सुविधा उपलब्ध है। दुर्घटना के बाद पहले एक घंटे, अर्थात 'गोल्डन आवर' में उचित चिकित्सा मिलने से जीवन बचाने की संभावना बढ़ती है। इसलिए घायल को तत्काल उपयुक्त अस्पताल पहुँचाने एवं उपचार प्रारंभ करने पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान अस्पतालों द्वारा ञ्जरूस्-2.0 पोर्टल पर पीड़ित का विवरण दर्ज करने तथा पुलिस द्वारा द्बन्नष्ठ/द्गष्ठक्रप्रणाली के माध्यम से दुर्घटना एवं पीड़ित का सत्यापन करने की तकनीकी प्रक्रिया समझाई गई। पात्र मामलों में समय पर सत्यापन, आवश्यक विवरण की सही प्रविष्टि एवं अस्पतालों के साथ त्वरित समन्वय की आवश्यकता बताई गई। कार्यशाला में आपातकालीन उपचार को औपचारिकताओं के कारण विलंबित नहीं करने, एंबुलेंस सेवाओं एवं डायल 112 के बीच समन्वय बनाए रखने तथा लंबित मामलों की नियमित निगरानी पर बल दिया गया। योजना का लाभ जरूरतमंदों तक पहुँचाने के लिए व्यापक प्रचार- प्रसार एवं संबंधित पदाधिकारियों तथा अस्पताल प्रतिनिधियों के बीच निरंतर संवाद पर भी जोर दिया गया। कार्यशाला में उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी तथा आयुष्मान योजना से संबद्ध 39 अस्पतालों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

ट्रैक्टर ने लूना सवार बुजुर्ग को मारी टक्कर, जख्मी

आरा (भोजपुर)। जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के पियनिया गांव के समीप सोमवार की सुबह ट्रैक्टर ने लूना सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार जख्मी कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के गुंडी गांव निवासी स्व. एनुल हक के 65 वर्षीय पुत्र मो. टोका है। वह पेशे से फल विक्रेता है। लूना द्वारा गांव-गांव घूम कर फल बेचते हैं। इधर, मो. टोक ने बताया कि वह रोज की तरह लूना पर फल लेकर बेचने के लिए पियनिया गांव जा रहे थे। उसी दौरान पियनिया गांव के समीप पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ने उनके लूना में टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

शिविर में 113 पशुओं की हुई स्वास्थ्य जांच

आरा (भोजपुर)। पिरौटा, ग्रामीण पशुपालकों को सुलभ पशु चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध कराने तथा पशुधन के स्वास्थ्य संरक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में भोजपुर महिला कला केंद्र (क्चरूद्मद्य) द्वारा 26 अक्टूबर 2026 को पिरौटा गाँव में पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से ग्रामीण पशुपालकों को पशुओं की स्वास्थ्य जाँच, आवश्यक दवाइयाँ एवं विशेषज्ञ चिकित्सा परामर्श उपलब्ध कराया गया।



शिविर के दौरान 48 परिवारों के कुल 113 पशुओं की स्वास्थ्य जाँच की गई। इसमें गाय, भैंस, बकरी एवं मुर्गियों को शामिल किया गया। आवश्यकता के अनुसार पशुओं के लिए दवाइयाँ भी वितरित की गईं। इस पहल का उद्देश्य पशुपालकों को समय पर पशु चिकित्सा सुविधाओं से जोड़ना, पशुओं में होने वाली बीमारियों की रोकथाम करना तथा पशुधन के बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

शिविर में जिला पशुपालन कार्यालय, आरा की ओर से डॉ. प्रिंस एवं डॉ. कन्हैया ने अपनी सेवाएँ प्रदान कीं। उन्होंने पशुओं की स्वास्थ्य जाँच कर पशुपालकों को उनकी देखभाल एवं स्वास्थ्य प्रबंधन से संबंधित आवश्यक सुझाव दिए। चिकित्सकों ने संतुलित आहार, स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई, उचित रखरखाव, नियमित स्वास्थ्य निगरानी तथा समय पर टीकाकरण के महत्व पर विशेष जोर दिया। उन्होंने पशुपालकों को पशुओं में बीमारी के शुरुआती लक्षणों की पहचान करने, संक्रमण से बचाव के उपाय अपनाने तथा किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर समय पर पशु चिकित्सक से परामर्श लेने के लिए प्रेरित किया। शिविर के माध्यम से पशुपालकों को यह संदेश दिया गया कि पशुओं की नियमित देखभाल और समय पर उपचार उनके स्वास्थ्य संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण परिवारों की आजीविका के लिए भी महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर भोजपुर महिला कला केंद्र की ओर से परियोजना प्रबंधक श्री रवि दुबे, गवर्नमेंट स्कीम कोऑर्डिनेटर सह वॉश कोऑर्डिनेटर श्री अतुल कुमार तथा पिरौटा गाँव के उत्प्रेरक श्री सोनू जी सहित संस्था के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

भोजपुर महिला कला केंद्र ने शिविर के सफल आयोजन में सहयोग एवं पशु चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करने के लिए जिला पशुपालन कार्यालय, आरा के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया। संस्था ने कहा कि विभागीय सहयोग से आयोजित इस प्रकार के शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में पशु स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच बढ़ाने तथा पशुपालकों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

भोजपुर महिला कला केंद्र ग्रामीण समुदायों के विकास, जागरूकता और आजीविका संवर्धन के लिए निरंतर प्रयासरत है। संस्था का मानना है कि स्वस्थ पशुधन ग्रामीण परिवारों की आर्थिक सुरक्षा एवं आजीविका का एक महत्वपूर्ण आधार है। इसी उद्देश्य से संस्था पशुपालकों को आवश्यक जानकारी एवं सुविधाओं से जोड़ने तथा पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य और देखभाल को प्रोत्साहित करने की दिशा में कार्य कर रही है।

पिरौटा गाँव में आयोजित यह शिविर ग्रामीण पशुपालकों तक पशु चिकित्सा सेवाएँ पहुँचाने, पशुधन के स्वास्थ्य संरक्षण को बढ़ावा देने और जिम्मेदार पशुपालन के प्रति जागरूकता विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रही।

हेरोइन एवं नगदी के साथ चार तस्कर गिरफ्तार, बाइक जब्त

64 ग्राम हेरोइन 7,800 नगद एवं 1 मोबाइल बरामद

आरा (भोजपुर)। भोजपुर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत सहार थाना पुलिस को एक सफलता हाथ आई है। इस दौरान पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर हेरोइन एवं नगदी के साथ चार तस्कर को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से 64 ग्राम हेरोइन, 7800 रुपए नगदी एवं 1 मोबाइल बरामद किया गया। इसके अलावे उनके पास रहे बाइक को भी जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार तस्करों में सहार थाना क्षेत्र के एकवारी गांव निवासी बैजनाथ साह का पुत्र संतोष साह, नवादा थाना क्षेत्र के करमन टोला निवासी शंकर राम का पुत्र इंद्रजीत कुमार, टाउन थाना क्षेत्र के गौसगंज मोहल्ला निवासी भगवान पासवान का पुत्र छठु पासवान एवं उसी थाना क्षेत्र के भलुहीपुर मोहल्ला निवासी संजय प्रसाद का पुत्र सागर कुमार शामिल है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने प्रेस रिलीज जारी कर दी। उन्होंने बताया कि सहार थाना पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि दो व्यक्ति आरा से मादक पदार्थ लेकर एकवारी आने वाले हैं। सूचना के सत्यापन उपरांत उनके निर्देश पर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर किया गया, जिसमें अंचलाधिकारी सहार को दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया, उसके बाद गठित टीम द्वारा एकवारी गांव के पास मुख्य सड़क पर वाहन चेकिंग शुरू की गई। इसी क्रम में आरा की तरफ से आ रहे एक बाइक पर सवार दो व्यक्ति पुलिस को देख बाइक घुमा कर भगाने का प्रयास करने लगे। तभी सशस्त्र बल के सहयोग से उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। जब उनकी तलाशी ली गई तो, उनके पास से 64 ग्राम हेरोइन, 7,800 रूपए नगदी एवं 1 मोबाइल बरामद हुआ। जब पुलिस द्वारा उनसे पूछताछ की तो संतोष साह और छठु पासवान की संलिप्ता पाई गयी। इसके पश्चात त्वरित कार्रवाई कर पुलिस ने संतोष साह और छठु पासवान को भी गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में सहार थाने में पुलिस ने चारों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार संतोष साह का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। वह सहार थाना थाना में दर्ज शराब कांड, अरवल जिले के मेहंदिया थाना में एनडीपीएस एक्ट, पटना जिले के बिहटा एवं मसौढ़ी थाना में भी शराब कांड मामले में आरोपित रहा है और जेल भी जा चुका है।

भिखारी ठाकुर लोक रंगरस सह सम्मान समारोह की तैयारी तेज

आरा (भोजपुर)। भिखारी ठाकुर सांस्कृतिक मंच पर दिसंबर माह में रजत जयंती वर्ष 2006 के तहत, होने वाले भिखारी ठाकुर लोक रंगरस सह सम्मान 2006 कार्यक्रम को लेकर तैयारी समिति की बैठक की गई। लोक गायक अविनाश पांडेय की अध्यक्षता में सहर के ढेरों कलाकार, पत्रकार, साहित्य श्रजक, चित्रकार इस अवसर पर उपस्थित हुए। इस अवसर पर उपस्थित बुद्धिजीवी वर्ग ने रजत जयंती लोक रंगसर कार्यक्रम में भोजपुरिया कला संस्कृति के कलात्मक वैचारिक पक्ष को प्राथमिकता देने और उसे प्रदर्शित करने की बातें रखीं। इस अवसर पर प्रख्यात पत्रकार कमलेश पाण्डेय,सरफाज अहमद ने अपने संबोधन क्रम में भिखारी ठाकुर के मौलिक रचित नाटकों के प्रसांगिकताऔर प्रदर्शन पर बातें रखीं। वहीं वरिष्ठ चित्रकार रौशन राय ने कहा कि इस अवसर पर भोजपुरी पेंटिंग प्रतियोगिता सह प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाना चाहिए। भोजपुरी संस्कृति में व्यापक संभावनाएं हैं जो संस्कृति का हिस्सा है। इस अवसर पर पुरे कार्यक्रम का खाका तैयार किया



गया जिसमें एक स्मारिका का वैचारिक खाका भी तैयार हुआ। वहीं वरिष्ठ रंगकर्मी नाटककार चंद्रभूषण पाण्डेय ने भी सभा को संबोधित करते हुए रजत जयंती कार्यक्रम को सांस्कृतिक सामाजिक और कला के प्रति समर्पित बताया।बोले कि भोजपुरिया कला कर्म व भिखारी ठाकुर की नाटकों का कोई तोड़ नहीं है।हम अपने कला संस्कृति को लेकर सजग बने यहीं सभी से अनुरोध है। संबोधन क्रम को जारी रखते हुए कुमार अजय सिंह के दो पुस्तकों , एतिहासिक गांव एकौना और भोजपुरी कथा लोक का लोकार्पण भी हुआ। सभी सम्मानित सदस्यों ने लेखक को इस पहल के लिए शुभकामनाएं मंगलकामनाएं बधाईयां दी।

सभा को संचालित वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र सिंह ने किया और कहा कि रजत जयंती 2026 अपने कला संस्कृति और मंचन को लेकर जिला में एक कलात्मक संवाद स्थापित करने में सहयोगी बनेगा। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में मुख्य आलोक कुमार सिंह,नंद किशोर राम, स्वामी विक्रमादित्य , डा शीलभद्र , सर्वजीत कुमार, गांधी जी आदि उपस्थित थे।

शराब के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

शाहपुर (भोजपुर)आससे। बहोरनपुर पुलिस ने देशी शराब के साथ दो शराब धंधेबाजों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस बल के साथ 35.7 लीटर देशी शराब के साथ गोविंद पासवान और किशुन पांडे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने उक्त शराब और एक ग्लैमर मोटरसाइकिल जप्त कर लिया है।

थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि गोविंद पासवान उत्तर प्रदेश से शराब लाकर किशुन पांडे को सप्लाई करता था। गोविंद पासवान उत्तर प्रदेश के बलिया जिला के रेवती थाना क्षेत्र के भाखर गाँव का तथा किशुन पांडे जवइनिया गाँव का रहने वाला बताया जाता है।

इसके अलावा बहोरनपुर पुलिस ने मुकेश साह और रिंकू देवी को भी जेल भेज दिया। विदित हो कि थानाध्यक्ष अजय कुमार ने मुकेश साह और रिंकू देवी को 19 केन किंगफिशर बीयर तथा 16 लीटर देशी शराब के साथ रविवार को गिरफ्तार किया था।

सतर्कता अभिचेतना सप्ताह पर दिलायी शपथ

आरा (भोजपुर)। सतर्कता अभिचेतना सप्ताह के अवसर पर जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार, आरा में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी कार्यप्रणाली में सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता एवं जवाबदेही को बढ़ावा देने तथा भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूकता एवं प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना है। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा सत्यनिष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों



का निर्वहन करने, कार्यों में निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखने की शपथ ली गई। साथ ही, सरकारी सेवाओं के निष्पादन में नैतिक मूल्यों का पालन करने, नियमों एवं प्रक्रियाओं के अनुरूप कार्य करने तथा जनहित को सर्वोपरि रखते हुए प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि सुशासन की स्थापना, प्रशासनिक व्यवस्था में जनविश्वास को मजबूत करने तथा भ्रष्टाचार मुक्त कार्यसंस्कृति विकसित करने के लिए प्रत्येक पदाधिकारी एवं कर्मी की भूमिका महत्वपूर्ण है। सरकारी कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं नैतिक आचरण सुनिश्चित करने से आम नागरिकों को बेहतर, निष्पक्ष एवं प्रभावी सेवाएँ उपलब्ध कराने में सहायता मिलती है।

ब-इजलास,
मुंसिफ
बिक्रमगंज, रोहतास।
मुकदमा नम्बर- 157/2026
परमेश्वर सिंह उर्फ जज सिंह वगै.
.....................................मुदईयान
बनाम
महेन्द्र सिंह वगै .... मुदालेहुम
नोटिस बनाम : 1. महेन्द्र सिंह वल्द-स्व. बैजनाथ सिंह साकिम मौजा-इटढ़िया, पो.+थाना-काराकाट (गोड़ारी) जिला रोहतास (बिहार)।
चूं बजरिये इस नोटिस प्रकाशन के आपको सूचित किया जाता है कि न्यायालय द्वारा आपलोगों को नजारत वो सम्मन को निबंधित सम्मन भेजने के बावजूद भी आपलोग न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए।
अत: आपलोगों को सूचित किया जाता है कि आपलोग दिनांक : 14.12.2026 को समय प्रात: 10:30 बजे न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। अन्यथा इस वाद की कार्यवाही आपलोगों के विरुद्ध एकपक्षीय पारित की जायेगी।
इसे सख्त ताकिद जानें।
आज दिनांक-26.10.2026 को न्यायालय के मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
मुंसिफ
बिक्रमगंज, रोहतास।

ब-अदालत
सब जज-1 जगदीशपुर, भोजपुर
स्वत्व वाद संख्या-44/2025
राज कुमारी कुंवर..................मुदईया
बनाम्
कृष्णा कुमार गुप्ता वगै.........मुदालेहुम
गजट बनाम:-प्रतिवादी सं.-3. अशोक साह 4. मुन्ना साह 5. धनोज साह, तीनों पिता-स्व. गोपालजी साह, सभी ग्राम-भड़सरा, पो.-ककिला, थाना-जगदीशपुर, जिला-भोजपुर।
चूं, वजरिये इस गजट प्रकाशन के माध्यम से आप बनाम को सूचित किया जाता है कि बावजूद तामिला वजरिये चपरासी वो भी रजिस्ट्री नोटिस भेजने के बावजूद आपलोग अदालत में हाजिर नहीं हो रहे हैं।
अत: आप दिनांक 29.10.26 को समय 10.30 बजे मेरे न्यायालय में वकालतन या असालतन हाजिर होकर जो भी जवाब देना हो दें अन्यथा आपलोगों के अनुपस्थिति में एकपक्षीय सुनवाई कर उचित आदेश पारित किया जायेगा।
इसे सख्त ताकिद समझें।
मेरे हस्ताक्षर वो न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।
आदेशानुसार
सब जज-II
जगदीशपुर, भोजपुर
9/482/26

तीन दुर्गा पूजा समितियों को विशेष पुरस्कार मिला

टीएलएसएम वर्ल्ड स्कूल में आयोजित समारोह में 14 पूजा समितियों के अध्यक्षों को मिला शील्ड, शांतिपूर्ण आयोजन की हुई सराहना

पीरो (भोजपुर)। दुर्गा पूजा और प्रतिमा विसर्जन के दौरान सामाजिक सौहार्द, आपसी सहयोग और अनुशासन बनाए रखने में पूजा समितियों की भूमिका को सराहते हुए पीरो में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। टीएलएसएम वर्ल्ड स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में नगर परिषद क्षेत्र की 14 दुर्गा पूजा समितियों के अध्यक्षों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। साथ ही बेहतर आयोजन करने वाली तीन समितियों को अलग-अलग श्रेणियों में विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए। टीएलएसएम वर्ल्ड स्कूल के निदेशक सह पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने सभी सम्मानित समितियों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि धार्मिक आयोजनों को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने में पूजा समितियों की अहम जिम्मेदारी होती है। समितियों के सदस्यों ने जिस तरह आपसी तालमेल और सौहार्द के साथ पूजा एवं विसर्जन कार्यक्रम को सफल बनाया, वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान समारोह से सामाजिक कार्यों में जुटे लोगों का उत्साह बढ़ता है और उन्हें आगे भी बेहतर काम करने की प्रेरणा मिलती है। समारोह में उत्कृष्ट आयोजन के लिए शिव क्लब ज्वाला मार्केट को पंडाल निर्माण में प्रथम पुरस्कार दिया गया। युवा शक्ति क्लब बस पड़ाव को डांडिया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए प्रथम पुरस्कार मिला, जबकि ओम नम: युवक संघ लोहिया चौक को मूर्ति निर्माण में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन समाजसेवी जय सिंह ने किया। समारोह में जय मां पीटन देवी पूजा समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार, शिव क्लब ज्वाला मार्केट के अध्यक्ष अमन कुमार, युवा शक्ति क्लब बस पड़ाव के अध्यक्ष मनीष कुमार, महादेव क्लब इब्राहिमपुर मोड़ के अध्यक्ष सुमंत कुमार, ओम नम: युवक संघ लोहिया चौक के अध्यक्ष गणेश प्रसाद सहित नगर क्षेत्र की विभिन्न पूजा समितियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके अलावा नव जागरण पूजा समिति वकालतखाना परिसर के अध्यक्ष सुमित कुमार, आदर्श नवयुवक संघ संभल टोला के अध्यक्ष नीरज कुमार, हिंद नवयुवक संघ मेन गली के अध्यक्ष संजय लाल, भवानी क्लब गांधी चौक के अध्यक्ष अमन कुमार, गांधी नवयुवक संघ गांधी चौक के अध्यक्ष जीतू यादव, आदर्श नवयुवक संघ लहराबाद के अध्यक्ष शंभू यादव, नवयुवक संघ बरौली मोड़ के अध्यक्ष बाहरी, महादेव क्लब बाहरी महादेव के अध्यक्ष अमरजीत कुमार तथा योगेश्वरी दुर्गा पूजा समिति महावीर चौक व्यापार मंडल के अध्यक्ष जोगेंद्र



जी समेत अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे। समारोह में पीरो नगर मंडल अध्यक्ष रोहित वर्मा, नीरज सिंह, मुन्ना खां, भाजपा नेता रवि केशरी और उपसभापति प्रत्याशी रवि केशरी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के समापन पर आगंतुकों ने प्रीतिभोज में भाग लिया।

शराब के साथ एक गिरफ्तार, जेल

शाहपुर (भोजपुर) (आससे)। शाहपुर पुलिस ने देशी शराब के साथ एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शाहपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर हरिहरपुर-नरगदा रोड पर से स्कूटी पर 17.6 लीटर देशी शराब के साथ हरिहरपुर गाँव के मंजीत चौधरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

ब-इजलास,
सिविल जज
बिक्रमगंज, रोहतास।
स्वत्व वाद संख्या- 514 सन् 2025
अजय राय ....वादी
बनाम
रिना देवी वगै. .... प्रतिवादीगण
नोटिस बनाम : प्रतिवादीगण 1. राम सुरेश राय पिता-स्व.दुखी राय 2. सत्यम राय पिता-राम सुरेश राय दोनों निवासी ग्राम-खखड़ही पो.-सैसड़ थाना-दिनारा, जिला-रोहतास।
चूं बजरिये इस गजट प्रकाशन के द्वारा आपको आगाह किया जाता है कि उपरोक्त वाद के मुदई ने आपके विरुद्ध मेरे न्यायालय में एक मुकदमा दाखिल किया है जिसमें आपके उपर सम्मन और रजिस्ट्री सममन के तामिला के काररवाई के बावजूद भी आप मेरे न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए वो आपको इस गजट प्रकाशन के द्वारा आगाह किया जाता है कि दिनांक 05/11/2026 को समय 10:30 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर उचित पैरवी करें अन्यथा उपरोक्त वाद में आपके विरुद्ध एकपक्षीय सुनवाई का आदेश पारित कर दिया जाएगा।
आज दिनांक-13.10.2026 को न्यायालय के मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
सिविल जज
सिविल कोर्ट, बिक्रमगंज
जिला- रोहतास।

ब-इजलास
सब जज-1 जगदीशपुर, भोजपुर
स्वत्व वाद संख्या-480/2023
शिवकुमार सिंह वगै.............वादीगण
बनाम्
बीरबहादुर सिंह वगै.........प्रतिवादीगण
गजट बनाम:-प्रतिवादी सं.-2. सोहराई सिंह पिता स्व. कैलाश सिंह, ग्राम+पो.-बभनियांव, थाना-जगदीशपुर, जिला-भोजपुर 4. मीना देवी पति स्व. दिनेश कुमार सिंह 5. संजीत कुमार सिंह पिता स्व. दिनेश कुमार सिंह, तीनों ग्राम-इसाढ़ी, पो.-बभनियांव, थाना-आयर, जिला-भोजपुर 6. शकुन्तला देवी पति सोहराई यादव, ग्राम+पो.-बभनियांव, थाना-जगदीशपुर, जिला-भोजपुर।
चूं, वजरिये इस गजट प्रकाशन के माध्यम से आप बनाम को सूचित किया जाता है कि बावजूद तामिला वजरिये चपरासी वो भी रजिस्ट्री नोटिस भेजने के बावजूद आपलोग अदालत में हाजिर नहीं हो रहे हैं।
अत: आप दिनांक 27.10.26 को समय सुबह 10.30 बजे मेरे न्यायालय में वकालतन या असालतन हाजिर होकर जो भी जवाब देना हो दें, अन्यथा आपलोगों के अनुपस्थिति में एकपक्षीय सुनवाई कर उचित आदेश पारित किया जायेगा।
इसे सख्त ताकिद समझें।
मेरे हस्ताक्षर वो न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।
आदेशानुसार
सब जज-II
जगदीशपुर, भोजपुर
16.10.26
9/482/26